# फिल्म इंस्टीट्यूट में प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता

**230** एकड़ जमीन आवंटित हुई है कंपनी को यमुना प्राधिकरण सेक्टर 21 में

**1,510** करोड़ रुपये की लागत आएगी फिल्म सिटी के निर्माण पर

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा: यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में बनने वाली फिल्म सिटी के साथ फिल्म इंस्टीट्यूट भी बनेगा। इसमें एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा आपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन आदि से संबंधित कोर्स होंगे। फिल्म इंस्टीट्यूट में उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी।

इससे प्रदेश के युवाओं को फिल्मों की दुनिया में रोजगार तलाशने और पैर जमाने में मदद मिलेगी। फिल्म इंस्टीट्यूट का पहला चरण तीन लाख वर्गफीट में होगा। फिल्म सिटी के विकास के लिए बोनी कपूर की कंपनी व भूटानी समूह की संयुक्त कंपनी बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. को सेक्टर 21 में 230 एकड़ जमीन आवंटित हुई है। इसके निर्माण पर 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

फिल्म सिटी के पहले चरण में तीन साल में विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि फिल्म इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। यीडा क्षेत्र के युवाओं को खास वरीयता मिलेगी। मुंबई से स्टाफ लाने की तुलना में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार देना अधिक किफायती होगा, जिससे फिल्म सिटी में ही स्टूडियो, प्रोडक्शन और अन्य क्षेत्रों में नौकरियां सृजित होंगी।

**प्रशिक्षण की भरपूर सुविधाएं:** इंस्टीट्यूट में फिल्म निर्माण से जुड़े पाठ्यक्रमों के अलावा फिल्म म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण और सुविधाएं भी होंगी। प्रोडक्शन हाउस के साथ साझेदारी कर कार्यशालाएं, इंटर्नशिप और गेस्ट लेक्चर्स होंगे। छात्रों को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीखने का मौका मिलेगा। फिल्म सिटी में फिल्मों के प्रीमियर आयोजित करने की व्यवस्था होगी, ताकि प्रोडक्शन हाउस को अपनी फिल्में लांच करने के लिए अन्य शहरों में भटकना न पड़े। इंस्टीट्यूट में फिल्म महोत्सवों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कैंपस में छात्रों के लिए छात्रावास, कैफेटेरिया, स्वास्थ्य केंद्र और मनोरंजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।